

# विप्र कला-वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय

जी. ई. रोड, रायपुर (छ.ग.)

# "विप्रारोह"

## Monthly E-Bulletin January 2023

पंजीयन क्र. 17951

मासिक अंक जनवरी २०२३

# शहीदों और दानदाताओं के नाम से विद्यार्थियों को सम्मानित करने का उद्देश्य कि हम उनसे प्रेरणा लें -: विकास उपाध्याय

## विप्र कॉलेज में प्रावीण्य सम्मान समारोह का आयोजन





24 जनवरी। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में प्रावीण्य सम्मान समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि माननीय श्री विकास उपाध्याय (संसदीय सचिव एवं विधायक पश्चिम रायपुर) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष माननीय श्री ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष, योग आयोग छत्तीसगढ़) के गरिमामय उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रुप में विप्र शिक्षण समिति के संचालक श्री अविनाश शुक्ला, श्री उमाकांत तिवारी एवं डॉ. राजशेखर पांडे उपस्थित थे। मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जो विद्यार्थियों को आज सम्मानित किया जा रहा है वह सभी बधाई के पात्र हैं। शहीदों और दानदाताओं के नाम से विद्यार्थियों को सम्मानित करने का यही उद्देश्य है कि विद्यार्थी उनसे प्रेरणा प्राप्त करें और अपनी योग्यता और काबिलियत अध्ययन-अध्यापन एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से विकसित करें। विप्र महाविद्यालय मध्यम वर्ग या परिवार के लिए न्यूनतम शुल्क में उच्चतम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक अच्छा शैक्षणिक संस्थान है, जिसका लाभ सभी विद्यार्थियों को लेना चाहिए। इस अवसर पर ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि शहीद राजीव पांडे जो सियाचिन की लड़ाई में वीरगति को प्राप्त हुए और जिन्हें भारत सरकार ने वीर चक्र से सम्मानित किया, शहीद भास्कर दीवान एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी जो बस्तर में नक्सली अभियान के दौरान शहीद हुए। डॉ. बालकृष्ण शर्मा जैसे समाजसेवी जिन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दान दिए, ऐसे लोगों का स्मरण कर ब्राह्मण समाज अपने अतीत के गौरव से प्रेरणा लेकर अच्छा काम करना चाहता है। ताकि हम सभी शिक्षा के लिए समर्पण के साथ प्रयास करते रहे। जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए पूर्ण सुविधा और अच्छा माहौल प्राप्त हो सके। जिसमें डॉ. उषा दुबे जो सेवानिवृत्त के बाद महाविद्यालय को अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है, और पूरे मन और धन से महाविद्यालय की सेवा में तत्पर है, ऐसे लोगों की सहायता से हम लोगों का हौसला बढ़ता है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि प्रावीण्य सम्मान समारोह में महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ छात्र विगत वर्ष बीएससी अंतिम की छात्रा कुमारी गीतिका गंगबेर को डॉ. बालकृष्ण शर्मा (सेमरा वाले) सम्मान प्रदान किया गया। महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में शहीद राजीव पांडे सम्मान बीएड. की छात्रा आरती सानेडकर एवं शहीद भास्कर दीवान सम्मान वाणिज्य संकाय की छात्रा एन. सोनिया को प्रदान किया गया। अभिषेक तिवारी खिलाड़ी सम्मान एमपीएड के छात्र रेसलर प्लेयर आकाश चंद्राकर को प्रदान किया गया। जिन्होंने था लैंड ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। साथ ही विद्यार्थियों को प्रोत्साहन करने के लिए एवं उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पवन दुबे स्मृति में वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी राखी दुबे, द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी मुस्कान सिंह एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी मुस्कान बैस को छात्रवृत्ति प्रदान किया गया। गणेश प्रसाद शुक्ल की स्मृति में शिक्षा विभाग के विद्यार्थी रंजीत राम एवं प्रोफेसर के. के. पांडे के स्मृति में कंप्यूटर एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थी ऋतुराज साहू एवं नवीन कुमार शर्मा को छात्रवृत्ति प्रदान किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# विप्रारोह मासिक पत्रिका का विमोचन



## “ Best Practices of Library ”

महाविद्यालय ग्रन्थालय से दिए जाने वाले Star Reader Award of Month Category of Staff से क्रमशः माह नवंबर का मिस रश्मि मिश्रा शिक्षा विभाग एवं माह दिसंबर का डॉ. रंजना मिश्रा योग विभाग तथा Category of Student से माह नवंबर का कु.कुसुमलता साहू B.PEd. तृतीय सेमेस्टर एवं माह दिसंबर का कु.प्रियंका सिन्हा BCA द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी को प्राप्त हुआ।



## “ Best E-Resources user award ”



# स्वामी विवेकानंद प्रत्येक मनुष्य का आदर्श, विप्र कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस पर जागरुकता रैली एवं भाषण प्रतियोगिता




12 जनवरी । छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय से जागरुकता रैली निकालकर विद्यार्थियों ने रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम में समारोह में हिस्सा लिया। इसके उपरांत महाविद्यालय परिसर में "युवा वर्ग का आदर्श स्वामी विवेकानंद" विषय पर भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के संदेशों पर आधारित अपने विचार व्यक्त किए । उक्त अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद सिर्फ युवाओं के नहीं प्रत्येक मनुष्य के आदर्श हो सकते हैं। यह गौरव की बात है कि स्वामी विवेकानंद रायपुर में अपने जीवन के 2 वर्ष रहे। प्रत्येक विद्यार्थी स्वामी विवेकानंद के संदेशों का अध्ययन कर, उनका अपने जीवन में आचरण कर अपना जीवन निर्माण कर सकता है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त B.Ed. के योगेश कुमार ध्रुव ने बताया कि भारत को जानने के लिए रविन्द्र नाथ टैगोर ने स्वामी विवेकानंद को पढ़ने के लिए कहा है, क्योंकि स्वामी विवेकानंद के संदेश पूर्णता सकारात्मक है। दूसरा स्थान प्राप्त वाणिज्य संकाय के आलोक राजपूत ने बताया कि वही देश आगे बढ़ेगा जिसके युवा सशक्त होंगे और युवाओं का सशक्तिकरण स्वामी विवेकानंद को आदर्श लेकर ही संभव है। तीसरे स्थान पर B.Ed. के छात्र रंजीत राम ने स्वामी विवेकानंद के संदेशों का स्मरण करते हुए कहा कि स्वयं पर विश्वास ही उन्नति का एकमात्र उपाय है। निर्णायक श्रीमती रसिका मालवीय, श्रीमती रीना शुक्ला एवं डॉ. रंजना मिश्रा थी। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. विवेक शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी ग्यास अहमद ने किया। रैली का आयोजन उजाला वर्मा एवं नीतिश शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। उपरोक्त अवसर पर समस्त अध्यापकों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विप्र कॉलेज लगातार चौथी बार अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता



रायपुर 19 जनवरी। छत्तीसगढ़ विकास युवा संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय ने शासकीय धमतरी महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में लगातार चौथी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। फाइनल मैच विप्र कॉलेज और पैलोटी कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें विप्र कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए। प्रतीक पाटिल ने 70 रन एवं सुमित शर्मा ने 71 रन बनाए। जवाब में पैलोटी कॉलेज 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 133 रन ही बना पाई। इस प्रकार विप्र कॉलेज ने एकतरफा फाइनल मैच में विजय हासिल कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इसके पूर्व पहले मैच में विप्र कॉलेज ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्ययन शाला की टीम को 154 रन से पराजित किया। पहले बैटिंग करते हुए विप्र कॉलेज ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 193 रन बनाए। जवाब में यूटीडी की टीम मात्र 12.4 ओवर में 39 रन पर अ ल आउट हो गई। दूसरे मैच में विप्र कॉलेज ने धमतरी कॉलेज को 10 विकेट से पराजित किया। पहले खेलते हुए धमतरी की टीम 13.5 ओवर में 44 रन पर ऑल आउट हो गई । जवाब में विप्र कॉलेज ने बिना किसी नुकसान के जीत के लिए आवश्यक रन बना लिए। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र कॉलेज के खिलाड़ियों ने लगातार चौथी बार खिताब पर कब्जा कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। आगे सेक्टर एवं स्टेट लेवल पर उनको बेहतर प्रदर्शन के लिए और अधिक प्रशिक्षण और सुविधाएं देने का प्रयास महाविद्यालय करेगा।

# इंटर कॉलेज साफ्ट बॉल : दोनों ही वर्गों में विप्र कॉलेज बनी चैम्पियन



पं. रविवि के तत्वावधान में गुरुकुल कन्या महाविद्यालय द्वारा अन्तरमहाविद्यालय सॉफ्ट बाल (म/पु) का आयोजन आज पं. रविवि के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन गुरुकुल महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या गुप्ता ने किया। प्रतियोगिता के महिला व पुरुष दोनों ही वर्गों में विप्र महाविद्यालय ने जीत दर्ज कर चेम्पियन बनी। पुरुष वर्ग में फायनल में विप्र महाविद्यालय ने नेताजी सुभाष कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन बेलभांता को 1-4 से शिकस्त दी वही महिला वर्ग में भी विप्र महा. की टीम ने डागा कन्या महा. रायपुर को 46-0 से हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। समापन अवसर पर डॉ. रविन्द्र मिश्रा सहायक संचालक रविवि डॉ. रामानन्द यदु वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी विज्ञान महा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अनिल महोबिया, रुपेंद्र सह चौहान, प्रेमशंकर, डॉ. कमींष्ठ शाम्भरकर, डॉ. पुरनेंद्र वर्मा सहित सभी महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी, सोपान कारनेवार श्रम निरीक्षक व लिंगराज रेड्डी एनआईएस सॉफ्टबॉल चयन कर्ता के रूप में उपस्थित थे।

विप्र कॉलेज की इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## यादों का आईना

विप्र कॉलेज में वर्ष भर चले विभिन्न सांस्कृतिक साहित्यिक खेल प्रतियोगिताओं सहित र.वि.वि. का विभिन्न खेलों में प्रतिनिधित्व करने वाले छात्र छात्राओं को प्रो. अंजनी शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कृत किया गया।



## गणतंत्र दिवस समारोह



